# St. Andrew's College

## Gorakhpur-273 001 (India)

A NAAC Accredited grade 'B' Minority Institution of Lucknow Diocese, Church of North India

with faculties of Arts, Science, Law, Education and Commerce

affiliated to Deen Dayal Upadhyay University of Gorakhpur



*Celebrating 126th year of excellence and service*

*(1899 - 2025)*

# Prospectus 2025-26

**Awarded Status of :**

- *A Star College by the Ministry of Science and Technology, DBT New Delhi.*
- *A "College with Potential for Excellence" by the U.G.C. New Delhi.*
- *Accredited by International Accreditation Organization (IAO) U.S.A.*




## Entrance Test Schedule

Note : For test date and schedule please visit college website (www.standrewscollege.edu.in) or visit college notice board.

नोट : प्रवेश परीक्षा तिथि एवं समय सारिणी के लिए कॉलेज वेबसाइट (www.standrewscollege.edu.in) अथवा महाविद्यालय का सूचना पट् देखने का कष्ट करें।

## सम्भावित सारिणी Proposed Schedule

| Under-Graduate (स्नातक) | Post-Graduate and Law (परास्नातक एवं एल–एल. बी.) |
|---|---|
| Last week of June<br>जून माह का अन्तिम सप्ताह | First week of July<br>जुलाई माह का पहला सप्ताह |

**N.B. :**

The actual test time for B.A., B.Sc., B.Com, B.B.A. and Law classes is two hours and for M.A. and M.Sc. classes it is one hour. The student shall report in the room for the test 30 minutes earlier.

**टिप्पणी :**

प्रवेश परीक्षा का निर्धारित समय बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0काम0, बी0बी0ए0 एवं विधि के लिए 2 घण्टे तथा एम0ए0 एवं एम0एस–सी के लिये 1 घण्टा है। परीक्षार्थी को कमरे में आधा घण्टा पूर्व अपना स्थान ग्रहण कर लेना है।



## कृपया ध्यान दें :–

1. कॉलेज विवरणिका के अनुसार अर्हता प्राप्त न करने की स्थिति में जमा किया गया प्रवेश परीक्षा आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
2. यू0जी0 / पी0जी0 / एल–एल0 बी0 आवेदन शुल्क निम्नवत् है।

**(अ) वित्तीय सहायता प्राप्त पाठ्यक्रम –**

| | |
|---|---|
| बी0ए0 एवं बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष – | रू0 1300/– |
| एम0ए0, एम0एस0–सी0 तथा विधि प्रथम वर्ष – | रू0 1300/– |

**(ब) स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम –**

| | |
|---|---|
| बी0काम0 प्रथम वर्ष – | रू0 1300/– |
| बी0बी0ए0 (लाजिस्टिक्स) – | रू0 1300/– |
| एम0ए0 (अंग्रेजी, भूगोल एवं समाजशास्त्र) प्रथम वर्ष – | रू0 1300/– |



### शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु अभ्यर्थियों के लिए आवेदन–पत्र भरने सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश

1. शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र को भरने के लिए कॉलेज की वेबसाइट www.standrewscollege.edu.in पर UG/PG/LL.B. registration के लिंक पर क्लिक करें।

2. आवेदन पत्र भरने के पूर्व अभ्यर्थी के पास उनके कक्षा दसवीं अंक पत्र के साथ हालिया लिया हुआ पासपोर्ट साइज़ का फोटो और scanned हस्ताक्षर होना आवश्यक है।

3. अगर आप उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं और आपने इण्टर की परीक्षा यू0पी0 बोर्ड से उत्तीर्ण की है तो मूल निवास प्रमाण पत्र भरने की बाध्यता नहीं है। किसी अन्य प्रांत द्वारा इण्टर परीक्षा उत्तीर्ण होने की स्थिति में यदि उत्तर प्रदेश में निवास प्रदर्शित किया हो तो, प्रवेश प्रक्रिया के समय मूल निवास प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

4. प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन, कॉलेज या पाठ्यक्रम/विषय में प्रवेश का आश्वासन नहीं देता, आपकी वरियता क्रमांक एवं विषयों में सीटों की उपलब्धता के आधार पर ही प्रवेश दिया जायेगा।

5. अन्य किसी भी तरह के भारांक (वेटेज) का लाभ लेने के लिए सम्बंधित प्रमाण–पत्र का आनलाइन फॉर्म में अपलोड होना आवश्यक है, प्रवेश के समय मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में आपको भारांक सम्बंधी लाभ नहीं मिलेगा।

6. अभ्यर्थी अपने पंजीकरण हेतु आवेदन–पत्र को स्वयं भरे अथवा साइबर कैफे से भरवाने की स्थिति में स्वयं वहाँ उपस्थित रहें। आवेदन–पत्र में किसी भी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं ज़िम्मेदार होंगे।

7. UG/PG/LL-B- registration के लिंक पर क्लिक करने के पश्चात बारहवीं कक्षा के बोर्ड तथा वर्ष सही चयन करते हुए अपना रोल नंबर डाले ।

8. सही भरने के पश्चात आपको आवेदन पत्र प्राप्त होगा ।

9. आवेदन पत्र में मांगी गई सूचनाओं को ध्यान पूर्वक भरें। जन्म तिथि, लिंग, धर्म, मूल निवास, आरक्षण के विवरण की जांच अपने दसवीं के अंक पत्र एवं प्रमाण पत्रों से मिलान अवश्य कर लें। आपके द्वारा दी गयी सूचना गलत पाए जाने पर आपका आवेदन रद्द किया जा सकता है।

10. आपके द्वारा भरे गए सम्पर्क विवरण तथा आपका स्थायी एवं पत्राचार का पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल एड्रेस सही होना चाहिए। विद्यार्थी को अपना या अपने घर के किसी सदस्य के ही मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भरना है। प्रवेश से सम्बन्धित सारी सूचनायें मोबाइल एवं ईमेल पर ही प्रेषित की जाएँगी। गलत मोबाइल नम्बर या ई–मेल आईडी देने की स्थिति में विद्यार्थी स्वयं प्रेषित सूचना से वंचित हो जायेंगे एवं आपके प्रवेश में कठिनाई आ सकती हैं। विद्यार्थी अपना पंजीकरण फॉर्म अपने सामने भरे एवं साइबर कैफे का मोबाइल नम्बर या ईमेल आईडी कदापि इस्तेमाल ना करें। एक मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आईडी पर केवल एक नामांकन पंजीयन फॉर्म ही भरे जा सकते हैं अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी कालेज के प्रवेश परीक्षा प्रकोष्ठ से सम्पर्क कर सकते है।

11. अगले चरण Photo/Document Upload के माध्यम से आप अपनी Scan की गई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर को अपलोड कर सकते हैं, बिना इनके अपलोड हुए आपका आवेदन पूर्ण नहीं होगा।

12. कोई भी त्रुटि होने की स्थिति में Submit Application करने से पहले आप उस पर जा कर त्रुटि को सुधार सकते हैं।

13. आवेदन पत्र के उपरोक्त प्रविष्टिया भरने के पश्चात आपके द्वारा दिए गए मोबाइल एवं ई–मेल आईडी पर लॉग–इन पटल का यूजर आईडी एवं पासवर्ड भेजा जाएगा । प्राप्त आईडी एवं पासवर्ड को सम्भाल कर रखें, उनके उपयोग से आप अपने पंजीकरण लॉग–इन पटल में प्रवेश कर सकते हैं तथा अपने आवेदन पत्र को देख सकते हैं या आवेदन अपूर्ण होने की स्थिति में अंतिम तिथि से पूर्व उसे पूरा कर सकते हैं।

14. आवेदन पत्र के अगले चरण Application Fee Payment के माध्यम से आप आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान अपने डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैकिंग एवं यू.पी.आई. से कर सकते हैं। ऑनलाइन भुगतान के अलावा Online print करके Pay–in–slip के माध्यम से सीधे बैंक में भी फीस जमा की जा सकती है। Fee payment करने के लिए आपके मोबाइल नंबर पर भेजे गए पासवर्ड की आवश्यकता होगी । आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान सफल होने की स्थिति में ही आप अपने आवेदन को अगले चरण Submit the Application के माध्यम से पूर्णतः सबमिट कर सकते हैं। आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान असफल होने की स्थिति में आप 4 घंटे बाद पुनः कोशिश कर सकते हैं। आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान होने के बावजूद आपका पैसा कट जाता है तो ऐसी ऐसी स्थिति में आप अगले दिन दोपहर 2 बजे के बाद पुनः कोशिश कर सकते हैं। आपका कटा हुआ पैसा 3 से 5 दिनों के अन्दर आपके खाते में वापस आ जायेगा। आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आपका आवेदन अपूर्ण माना जायेगा। एक बार जमा होने के बाद आवेदन शुल्क वापस नहीं होगा।

15. Login ID के माध्यम से आप अपने द्वारा पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र को रजिस्ट्रेशन टैब पर देख सकते हैं।

16. Login ID से लागिन के बाद रजिस्ट्रेशन टैब के माध्यम से आप अपना आवेदन पत्र का प्रिन्ट निकाल सकते है।

**नोट** : आवेदन सम्पूर्ण रूप से सबमिट करने के पश्चात या कभी भी लॉग इन पटल में प्रवेश के उपरान्त लॉग आउट करना ना भूले। साइबर कैफे के संचालक भी इस बात का ख्याल रखें कि वो एक समय में एक ही छात्र का आवेदन भरें, दूसरे आवेदन के पूर्व पहले आवदेक के लॉग इन पटल से लॉग ऑउट करना आवश्यक है।

ऑनलाइन आवेदन स्वीकृत होने के बाद आपके दिए गए मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई डी पर एक मैसेज प्राप्त होगा उसके उपरान्त आप एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते है। डाउनलोडेड प्रवेश फॉर्म में निर्धारित स्थान पर दो जिम्मेदार व्यक्तियों के हस्ताक्षर करा कर समस्त संलग्नको सहित विद्यार्थी प्रवेश के समय जमा करने हेतु अपने साथ अवश्य लायेंगे एवं प्रवेश के समय विद्यार्थी अपने साथ संलग्नकों की मूल प्रति भी अवश्य लायेंगे।

सभी विद्यार्थियों का प्रवेश अस्थायी है। यदि बाद में पाया गया कि आप पात्रता की किसी एक शर्त को भी पूरा नहीं करते हैं तो आपका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा। अतः आपको यह सलाह दी जाती है कि आप पात्रता की सभी शर्तों को भली भांति समझ कर जांच लें।

## (1) इतिहास

सेण्ट एण्ड्रयूज कॉलेज, गोरखपुर चर्च मिशनरी सोसाइटी द्वारा सन् 1828 में मिशन स्कूल में स्थापित हुआ था जो प्रमुख रूप से मसीही बालकों को शिक्षा देने हेतु आरम्भ किया गया किन्तु अन्य जाति एवं धार्मिक श्रद्धा वाले छात्र भी इसमें स्वेच्छा से भर्ती हुये। आगे चलकर 1899 में इसने महाविद्यालय का रुप धारण किया और सर्वप्रथम कलकत्ता विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हुआ। वर्तमान समय में यह कालेज गोरखपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध तथा चर्च ऑफ नार्थ इण्डिया के लखनऊ डायोसिस द्वारा संचालित है और इसका संचालन सेण्ट ऐण्ड्रयूज प्रबन्ध समिति द्वारा होता है। प्रबन्ध समिति में अनुभवी शिक्षाविद् तथा गोरखपुर नगर के कुछ प्रबुद्ध नागरिक है जो लखनऊ के राइट रेवरेण्ड बिशप की अध्यक्षता में कार्य करते हैं।

## (2) उद्देश्य

कॉलेज का उद्देश्य ईसा मसीह के जीवन तथा शिक्षाओं से प्रेरणा प्राप्त कर विद्यार्थियों को सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करना है। बाइबिल पर आधारित धार्मिक शिक्षा कालेज के पाठ्यक्रम का एक अंग हैं, किन्तु इसमें जिनकी रुचि नहीं है उन्हें विवश नहीं किया जाता। इस महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों से यह आशा की जाती है कि वे आत्मिक, चारित्रिक, शारीरिक एवं उच्च बौद्धिक शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा से यहाँ प्रवेश लेंगे। महाविद्यालय इसके लिये पूर्ण प्रयास करता है ।



## (3) पढ़ाये जाने वाले विषय तथा अनुमोदित संयुक्तियां

महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के सभी पाठ्यक्रम एन.ई.पी. 2020 नीति (41) के तहत संचालित है।

**मुख्य विषय**

स्नातक स्तर (बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम. एव बी.बी.ए.) पर प्रत्येक विद्यार्थी को सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत चुने हुए तीन मुख्य विषयों की पढ़ाई करनी होगी या प्रत्येक मुख्य विषय 6 क्रेडिट (सैद्धांतिक और/या प्रयोगात्मक) होगा ।

**बुनियादी/ परिचयात्मक पाठ्यक्रम**

स्नातक स्तर पर अपने चुने हुए 3 मुख्य विषयों में से किसी एक विषय में दो क्रेडिट का बुनियादी/परिचयात्मक पाठ्यक्रम की पढ़ाई प्रथम सेमेस्टर में करनी होगी।

**माइनर पाठ्यक्रम**

- ❖ स्नातक स्तर विद्यार्थी को सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत तीन माइनर विषय ( माइनर वैकल्पिक, माइनर सह–पाठ्यक्रम और लघु व्यवसायिक पाठ्यक्रम) का चयन प्रवेश के समय कॉलेज के नियमानुसार उपलब्ध सूची में से करना होगा। प्रत्येक माइनर पाठ्यक्रम दो क्रेडिट का होगा।
- ❖ प्रत्येक सेमेस्टर में लघु व्यवसायिक पाठ्यक्रम अर्ह होंगे।
- ❖ स्नातकोत्तर स्तर पर माइनर वैकल्पिक पाठ्यक्रम का चयन किसी अन्य विषय में प्रथम वर्ष (सेमेस्टर प्रथम या द्वितीय) में करना होगा ।

★ पाठ्यक्रम सम्बन्धी विस्तृत जानकारी के लिए कॉलेज कार्यालय से संपर्क करें।

## (क) कला संकाय

**वित्तीय सहायता प्राप्त पाठ्यक्रम–**

एम०ए० – हिन्दी तथा राजनीति शास्त्र ।

बी० ए० –

**मुख्य वैकल्पिक विषय :**

निम्नलिखित वर्गों में से किन्हीं तीन विषय का चयन करें, किन्तु एक वर्ग से केवल एक ही विषय का चयन किया जा सकता है।

1. भूगोल / मनोविज्ञान
2. शिक्षाशास्त्र / अंग्रेजी / संस्कृत
3. हिन्दी / उर्दू
4. समाजशास्त्र / अर्थशास्त्र
5. इतिहास
6. राजनीति विज्ञान / दर्शनशास्त्र

स्ववित्तपोषित योजना अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमः

एम०ए० : भूगोल, अंग्रेजी एवं समाजशास्त्र ।



## (ख) विज्ञान संकाय

एम०एससी० – वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिकी तथा प्राणि विज्ञान ।

बी०एससी० विषय

निम्नलिखित समूहों में से कोई एक स्वीकृत करें :

(क) जीव विज्ञान वर्ग – रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान

(ख) गणित वर्ग – भौतिक विज्ञान, गणित एवं रसायन विज्ञान / औद्योगिक रसायन (स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत) दिया जायेगा। औद्योगिक रसायन विषय निम्न मेरिट प्राप्त अभ्यर्थीयों को दिया जाएगा

### (ग) विधि संकाय

एल–एल० बी० – इसके पाठ्यक्रम की अवधि तीन वर्ष है। विधि की कक्षायें प्रातः 8.30 बजे से प्रारम्भ होती हैं।

### वित्तपोषित समस्त प्रथम वर्ष की कक्षायें

| कक्षा |
| --- |
| बी०ए० प्रथम वर्ष (विषय–12) |
| बी०एस–सी० प्रथम वर्ष (जीव विज्ञान) |
| बी०एस–सी० प्रथम वर्ष (गणित) |
| एल–एल०बी० प्रथम वर्ष |
| एम०ए० प्रथम वर्ष (हिन्दी) |
| एम०ए० प्रथम वर्ष (रा०शा०) |
| एम०एस–सी० प्रथम वर्ष (रसायन) |
| एम०एस–सी० प्रथम वर्ष (वनस्पति विज्ञान) |
| एम०एस–सी० प्रथम वर्ष (जन्तु विज्ञान) |
| एम०एस–सी० प्रथम वर्ष (भौतिकी) |
| एम०एस०–सी० प्रथम वर्ष (गणित) |

### (घ) वाणिज्य संकाय

बी.कॉम एवं बी.बी.ए. (Logistics) – दी. द. उ. गो. वि. वि. गोरखपुर द्वारा स्ववित्त पोषित योजना अर्न्तगत पाठ्यक्रम

### (ड़) यू.जी.सी. से मान्यता प्राप्त अनिवार्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम

(I) रेडीमेड गारमेन्ट स्नातक तृतीय वर्ष की महिला विद्यार्थियों के लिए ।
(II) फैशन डिजाईनिंग स्नातक द्वितीय वर्ष की महिला विद्यार्थियों के लिए ।
(III) एक्वा कल्चर प्रथम वर्ष स्नातक द्वितीय वर्ष एवं परास्नातक प्रथम वर्ष प्राणि विज्ञान तथा एक्वा कल्चर द्वितीय वर्ष स्नातक तृतीय वर्ष एवं परास्नातक द्वितीय वर्ष प्राणि विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए।
(IV) ई कामर्स एण्ड मार्केटिंग बी.कॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए।
(V) DBMS (डाटा बेस मैनेजमेंट सिस्टम) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ।
(VI) बायोटेक्नोलॉजी – बी.एस–सी. जीव विज्ञान द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ।
(VII) औद्योगिक रसायन में एक वर्षीय डिप्लोमा – बी.एस–सी. तृतीय वर्ष रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए।
(VIII) साइबर लॉ सिक्योरिटी एल–एल.बी. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ।
(IX) मशरूम कल्टिवेशन एण्ड मार्केटिंग परास्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए ।
(X) ग्रीन हाउस मैनेजमेंट स्नातक तृतीय वर्ष वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए।
(XI) फाइनेन्शियल एकाउन्टिंग विद टैली सहित डिप्लोमा बी०कॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए।

### (च) विगत कई वर्षों से महाविद्यालय द्वारा निम्नलिखित वोकेशनल पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक चलाये जा रहे हैं

(I) स्पोकेन इंग्लिश
(II) पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स (सितम्बर से दिसम्बर)
(III) फाइनेन्शियल एकाउन्टिंग विद टैली सहित डिप्लोमा बी०कॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ।
(IV) बायो इंफारमेटिक्स में डिप्लोमा एम.एस–सी. भाग दो (जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य
(V) **CCCA** (सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन) एम०ए० द्वितीय वर्ष (अंग्रेजी) के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य ।
(VI) कौशल विकास के अन्य विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहें हैं।

### (छ) प्रस्तावित पाठ्यक्रम

एम0एड0, एल–एल०एम० एवं बायो टेक्नॉलोजी (स्नातक स्तर) एवं एम. कॉम.

## (4) प्रवेश

(क) महाविद्यालय द्वारा निर्धारित योग्यता वाले प्रार्थियों के लिये उपलब्ध सीटों की संख्या के अनुसार प्रवेश खुला है, किन्तु कॉलेज बिना कोई कारण बताये हुये किसी भी प्रार्थी का प्रवेश अस्वीकृत करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है, चाहे वह प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण क्यों न हुआ हो।

(ख) कोई भी प्रार्थी अपने अधिकार के रुप में प्रवेश की मांग नहीं कर सकता ।

(ग) प्रथमतः कॉलेज में सभी प्रार्थियों का प्रवेश अस्थायी होगा। प्रवेश की तिथि से चार महीने के भीतर कॉलेज द्वारा अस्थायी प्रवेश निरस्त भी किया जा सकता है ।

(घ) कोई भी संस्थागत छात्र कॉलेज में सम्बन्धित सत्र में 30 जून तक ही बोनाफाइड छात्र माना जायेगा। किन्तु विशेष परिस्थिति में उसकी परीक्षा समाप्त होने तक वह छात्र माना जा सकता है।

(ङ) प्रवेश की पुष्टि के बाद, किसी भी समय यह ज्ञान होने पर कि प्रार्थी ने कोई असत्य अथवा अशुद्ध वक्तव्य दिया था, अथवा उसके द्वारा या उसकी ओर से प्रवेश प्राप्त करने के लिये किसी अनुचित या अनुपयुक्त साधन का प्रयोग किया गया था उस प्रार्थी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी तथा उसका नाम कॉलेज पंजिका से काट दिया जायेगा।

(च) वह छात्र जो अनुचित साधन प्रयोग में दण्डित हुआ है अथवा विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में उसका नाम काली सूची में है, अथवा उस पर किसी फौजदारी अदालत में मुकदमा विचाराधीन है अथवा जिनका विगत वर्षों में प्रवेश अनुशासनात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत निरस्त कर दिया गया है, ऐसे छात्र/छात्रा महाविद्यालय में प्रवेश के पाने हेतु अधिकृत नहीं होंगे ।

(छ) प्रवेश परीक्षा द्वारा प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा ली जाने वाली परीक्षा में यदि छात्र अस्वस्थता के कारण सम्मिलित नहीं हो पाता है और चिकित्सकीय प्रमाण–पत्र समय से कॉलेज में प्रस्तुत करता है तो अगले वर्ष की प्रवेश परीक्षा में प्राचार्य की अनुमति से ही आवेदन कर सकता है ।

(ज) कोई भी छात्र किसी भी कक्षा में एक वर्ष (सत्र) तक ही संस्थागत छात्र के रुप में अध्ययन कर सकता है।

(झ) किसी भी समय असत्य विवरण देने पर छात्र को महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है।

## प्रवेश नियम एवं विधि

(1) बी०ए०, बी०एस–सी०, बी० काम०, बी0बी0ए0 (Logistics), एम०ए०, एम०एससी० और विधि प्रथम वर्ष कक्षाओं में प्रवेश हेतु परीक्षा –

बी० ए०, बी०एस–सी०, बी० काम०, बी0बी0ए0 (Logistics), एम०ए०, एम०एससी० एवं विधि कक्षाओं में प्रवेश हेतु कॉलेज, गोरखपुर नगर में प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। इन कक्षाओं में प्रवेश प्राप्त करने के इच्छुक समस्त छात्रों को प्रवेश परीक्षा में बैठना अनिवार्य होगा। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को कालेज की ओर से कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा और उन्हें स्वयं अपने ठहरने का भी प्रबन्ध करना होगा । परीक्षा के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को अन्य सूचनायें महाविद्यालय सूचना पट्ट द्वारा दी जाती है। प्रवेश परीक्षा में वस्तुनिष्ठ (आब्जैक्टिव टाइप) प्रश्न पूछे जायेंगे ।

(2) परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का उदाहरण, पाठ्यक्रम, उत्तर देने एवं उसे बदलने की विधि पुस्तिका फार्म के साथ निःशुल्क उपलब्ध है। प्रत्येक परीक्षा विषय के लिये अलग–अलग आवेदन पत्र देना आवश्यक है। आवेदन विश्वविद्यालय नियमानुसार निम्नलिखित रुप में किया जा सकता है ।

1. बी०ए०, बी०एससी० अथवा बी० काम० एवं बी0बी0ए0 (Logistics) (स्ववित्त पोषित)
2. विधि
3. एम०एससी० के समस्त विषय
4. एम०ए० हिन्दी, राजनीति शास्त्र एवं अंग्रेजी, स०शा०, भूगोल (स्ववित्त पोषित)

**नोट : जिन छात्रों ने इण्टरमीडिएट परीक्षा विज्ञान विषय से उत्तीर्ण की है वे बी०ए० एवं बी० काम० में आवेदन कर सकते हैं ।**

वे छात्र जिन्होंने एक से अधिक विषयों में आवेदन किया है और सभी में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण है उन्हीं छात्रों का स्थानान्तरण प्रवेश के पश्चात स्थान रिक्त रहने पर, स्नातक स्तर पर कला से विज्ञान या विज्ञान से कला एवं स्नातकोत्तर स्तर पर एक विषय से दूसरे विषय में अथवा विधि में निर्धारित तिथि तक संभव हो सकता है।

(अ) यदि कोई छात्र केवल बी०एससी० की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद बी०ए० में प्रवेश चाहता है, अथवा केवल बी०ए० की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद बी०एस–सी० में प्रवेश चाहता है, तो उसे किसी भी दशा में अनुमति देना सम्भव नहीं होगा।

(ब) इस महाविद्यालय में कोई भी छात्र/छात्रा संस्थागत विद्यार्थी के रूप में पाँच/छः वर्ष से अधिक समय तक अध्ययन नहीं कर सकता है।



## प्रवेश परीक्षा हेतु अर्हता : (**Eligibility**)

1. बी०ए०, बी०एस–सी०, बी० काम० तथा बी0बी0ए0 (Logistics) प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु – अभ्यर्थी के इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हो। अथवा 2025 की परीक्षा में सम्मिलित हुआ हो लेकिन परीक्षाफल अभी घोषित नही हुआ है वे भी इस परीक्षा में बैठ सकते हैं।
2. सभी स्नात्कोत्तर कला कक्षाओं में प्रवेश हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। एवं स्नातकोत्तर विज्ञान कक्षाओं के प्रवेश हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 50 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थीयों हेतु 5 अंको की छूट का प्रावधान है।
   स्नात्कोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी ने जिन दो विषयो को स्नातक तृतीय वर्ष में अध्ययन किया है वे उन्ही विषयों की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
3. एम०ए० (पूर्वार्द्ध) हिन्दी और राजनीति शास्त्र में प्रवेश हेतु – किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अभ्यर्थी स्नातक तृवर्षीय कोर्स या इसके समकक्ष परीक्षा गोरखपुर विश्वविद्यालय के नियमानुसार उत्तीर्ण हुआ हो अथवा 2025 की परीक्षा में सम्मिलित हुआ हो लेकिन परीक्षाफल अभी घोषित नहीं हुआ है वे भी इस परीक्षा में बैठ सकते हैं।
4. एम०एस–सी० पूर्वाद्ध जन्तु विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र एवं गणित में प्रवेश के लिये – गोरखपुर विश्वविद्यालय अथवा किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अभ्यर्थी बी०एस– सी० तृवर्षीय पाठ्यक्रम या समकक्ष परीक्षा, गोरखपुर विश्वविद्यालय के नियमानुसार उत्तीर्ण हुए हैं अथवा 2025 में सम्मिलित हुए हैं लेकिन परीक्षाफल अभी घोषित नहीं हुए हैं, वे भी इस प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
5. विधि प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिये – अभ्यर्थी गोरखपुर विश्वविद्यालय के नियमानुसार विधि प्रथम वर्ष के लिये मान्यता प्राप्त स्नातक परीक्षा या समकक्ष उत्तीर्ण हुए हैं अथवा 2025 में सम्मिलित हुए हैं लेकिन परीक्षाफल अभी घोषित नहीं हुआ है वे भी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। विधि प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिये स्नातक स्तर पर सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 45 अंक, पिछड़ा वर्ग के लिए 42 अंक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के लिए 40 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

## विशेष नियम

1. किसी भी कॉलेज या विश्वविद्यालय के अनुत्तीर्ण छात्र प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकते हैं।

2. समस्त कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाता है कि प्रत्येक सूची की अन्तिम तिथि तक सफल घोषित अभ्यर्थी यदि किसी कारणवश प्रवेश नहीं ले सके हैं तो वे प्रवेश से वंचित हो जायेंगे, किन्तु यदि किसी अभ्यर्थी का नाम सूची में है और उसका परीक्षाफल स्थान रिक्त रहने पर उसके महाविद्यालय की अन्तिम सूची की तिथि के बाद घोषित होता हैश परीक्षाफल घोषित होने की तिथि से 10 दिन के अन्दर प्रवेश पर विचार किया जा सकता है ।

3. APAAR, जो स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता छात्रों के रजिस्ट्रेशन के लिए है, भारत में सभी छात्रों के लिए डिजाइन की गई एक विशेष पहचान प्राणाली है। यह पहल केन्द्र सरकार द्वारा 2020 की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शुरू किये गये श्वन नेशन, वन स्टूडेंट आई–डी कार्यक्रम का हिस्सा है। इसका लिंक https://apaar-education-gov-in/ है, जिसपर महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक छात्र–छात्राओं को पंजीकरण कर APAAR आई–डी कार्ड की छायाप्रति प्रवेश के समय प्रवेश समिति को उपलब्ध कराना आवश्यक है।

4. समस्त प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को समर्थ पोर्टलपर पंजीकरण कर समर्थ आई.डी. कॉलेज को उपलब्ध कराना आवश्यक है।

## अभ्यर्थियों के वर्ग :

वर्ग अ – सामान्य अभ्यर्थी

वर्ग ब – • स्नातक एवं स्नातकोत्तर कला वर्ग हेतु इस महाविद्यालय के सेवारत एवं अवकाश प्राप्त स्टाफ के पुत्र/पुत्री, सगे भाई/सगी बहन, पति/पत्नी, सगे भाई के पुत्र/पुत्री तथा ईसाई समुदाय के अभ्यर्थी ।

• एम.एस–सी. एवं विधि कक्षाओं में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के सेवारत एवं अवकाश प्राप्त स्टॉफ के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी ही स्टॉफ वर्ग में सम्मिलित किये जायेंगे।

वर्ग स – अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी



## अधि प्रतिनिधित्व (वेटेज कन्सीडरेशन)

सभी संकायों में अधि–प्रतिनिधत्व (वेटेज कन्सीडरेशन) निम्नांकित आधारों पर दिया जायेगा।

| | |
|---|---|
| (क) इस कालेज के संस्थागत छात्र (2024 परीक्षा) | 5 अंक |
| (ख) सेण्ट एण्ड्रयूज इन्टर कालेज गोरखपुर के छात्र (2024 परीक्षा) | 3 अंक |
| (ग) क्रीड़ा | |
| 1. राष्ट्रीय स्तर | 5 अंक |
| 2. प्रदेश एवं अन्तर विश्वविद्यालय स्तर | 3 अंक |
| 3. जनपद स्तर | 3 अंक |
| (घ) एन०सी०सी० | |
| 1. 'सी' प्रमाण पत्र | 5 अंक |
| 2. 'बी' प्रमाण पत्र | 3 अंक |
| (ङ) राष्ट्रीय सेवा योजना | |
| 1. दो कैम्प तथा 240 घंटा कार्य | 5 अंक |
| 2. एक कैम्प तथा 240 घंटा कार्य | 3 अंक |
| (च) स्काउटिंग/गाईड्स/रोवर्स/रेंजर्स, वे छात्र जिन्होंने इण्टर या स्नातक स्तर पर जिला या प्रदेश स्तर के कैम्प में भाग लिया है। | 3 अंक |
| (छ) विकलांग | 3 अंक |
| (ज) पुरातन छात्र परिषद (Alumni/ae Association) के आजीवन सदस्य के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी | 3 अंक |

नोट :
1. कुल अधि– प्रतिनिधित्व (वेटेज कन्सीडरेशन) 8अंक से अधिक नहीं दिया जायेगा।
2. उचित अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र की छाया प्रति यदि आवेदन–पत्र में संलग्न है, तभी इस पर विचार किया जायेगा।
3. अधि प्रतिनिधित्व सम्बन्धी प्रमाण–पत्र आवेदन पत्र जमा करने के बाद किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगा।

अन्तिम चयन – प्रवेश हेतु अभ्यर्थी के अन्तिम चयन के लिये आवश्यक है कि सेण्ट एण्ड्रयूज कॉलेज एवं मान्यता प्राप्त अर्हता परीक्षा में भी उत्तीर्ण हो। यदि अर्हता परीक्षा के अंक पत्र की छाया प्रति मूल गोरखपुर की प्रवेश परीक्षा में सफलता के साथ ही साथ अभ्यर्थी गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित चाहिये। इस प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों में से कॉलेज द्वारा नियमानुसार निर्धारित संख्या में आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं की गयी है तो उसे निश्चित रूप से प्रवेश समिति के सम्मुख प्रस्तुत करना अभ्यर्थियों का चयन होता है।

प्रवेश के समय योग्यता प्रदायी परीक्षा उत्तीर्ण होना, मूल अंकतालिका, स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र तथा चरित्र प्रमाण–पत्र होना अनिवार्य है।

चुने गये अभ्यर्थी तिथि और समय पर, जिसकी सूचना कालेज सूचना पट्ट पर एवं स्थानीय समाचार पत्रों द्वारा दी जाती है, प्रवेश समिति के समक्ष आवश्यक प्रमाण पत्रों एवं अंक पत्रों आदि की मूल प्रतियों, फीस तथा अपनी तीन स्टैम्प साईज फोटो के साथ उपस्थित होंगे।

प्रवेश परीक्षाफल की घोषणा – प्रवेश हेतु चुने गये अभ्यर्थियों की सूची कालेज सूचना पट्ट पर, स्थानीय समाचार पत्रों द्वारा एवं इन्टरनेट पर प्रवेश परीक्षा के पश्चात लगभग 3 सप्ताह के बाद अवगत करा दी जाती है। चयन एवं प्रवेश के सम्बन्ध में कालेज का निर्णय अन्तिम और मान्य होगा।

प्रवेश– भाग 2 एवं 3 : बी०ए०, बी०एस–सा०, एवं विधि, भाग–2 एवं भाग–3 तथा एम०ए०, एम०एससी० भाग–2 में प्रवेश हेतु आवेदन तथा प्रवेश पिछली कक्षा में परीक्षा के अंकपत्र जारी होने के दस दिन के भीतर ही लेना अनिवार्य है ।

नोट : सूचना पट्ट से साक्षात्कार की तिथियाँ एवं समय आदि जानने का पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थियों पर होगा। किसी भी अभ्यर्थी को अलग से प्रवेश परीक्षाफल नहीं भेजा जाएगा।

## प्रवेश कार्यक्रम :

(क) सफल अभ्यर्थियों का प्रवेश मेरिट के आधार पर प्रवेश परीक्षाफल घोषित होने के बाद निर्धारित तिथि से निम्नांकित कार्यक्रमानुसार होगा।

| | |
|---|---|
| प्रथम सूची | – 03 कार्य दिवस |
| प्रतीक्षा सूची (स्थान रिक्त रहने पर) | – 02 कार्य दिवस |

**ध्यान दें:** प्रवेश समिति के द्वारा निर्धारित तिथि के अन्दर ही अभ्यर्थी को कालेज कार्यालय में प्रातः 10.15 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक शुल्क जमा करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि को शुल्क जमा न करने की दशा में अभ्यर्थी के प्रवेश पाने का अधिकार समाप्त हो जायेगा ।

(ख) प्रवेश हेतु चुने गये अभ्यर्थियों एवं अन्य कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय ही वार्षिक शुल्क, परीक्षा शुल्क तथा पूरे सत्र का मासिक शुल्क कालेज कार्यालय में जमा करना होगा ।

(ग) **स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र** की सत्यप्रतिलिपि तथा आचरण प्रमाण–पत्र की मूल प्रति अंतिम संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा संतोषजनक टिप्पणी सहित प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश संभव है।

(घ) विश्वविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों से किसी अभ्यर्थी का स्थानान्तरण इस महाविद्यालय में स्वीकार नहीं किया जाता है ।

नियम एवं विधि में परिवर्तन करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित है।

## (5) कॉलेज यूनीफार्म



1. महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित uniform धारण करना आवश्यक है। uniform का प्रारूप एवं रूपरेखा निम्नवत होगी ।

**(I) छात्रों हेतुः** काली पैण्ट व स्लेटी ग्रे शर्ट एवं काला जूता व काला मोजा। (ग्रीष्मकाल)

**(II) छात्राओं हेतुः** काली सलवार व स्लेटी ग्रे कुर्ता, काला दुपट्टा अथवा स्लेटी ग्रे साड़ी व काला ब्लाउज एवं काला जूता या काला सैण्डिल। (ग्रीष्मकाल) ।

**(III) विधिः** छात्र के लिए सफेद शर्ट, काली पैंट एवं काली टाई । छात्राओं के लिए काली सलवार, सफेद कुर्ता एवं काला दुपट्टा ।



शीतकाल में उपरोक्त यूनीफार्म के साथ काला स्वेटर/कार्डिगन या काला ब्लेजर पहनना होगा।

क– अति निर्धन विद्यार्थियों को आय प्रमाण प्रस्तुत करने पर यूनिफार्म का कपड़ा महाविद्यालय द्वारा निःशुल्क दिया जाएगा।

ख– महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं को प्रांगण में मोबाइल लाना या प्रयोग करना पूर्णतया प्रतिबन्धित होगा। निरीक्षण के दौरान मोबाइल पाए जाने पर इसे जब्त कर लिया जाएगा व अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## (6) परिचय पत्र

1. प्रवेश के समय प्रत्येक अभ्यर्थी को स्टैम्प आकार की दो फोटो परिचय–पत्र के लिये लाना अनिवार्य है। परिचय–पत्र बैंकों, सार्वजनिक कार्यालयों इत्यादि में विद्यार्थी के पद तथा अभिज्ञान के साक्षीकरण में लाभदायक होता है। परिचय–पत्र सदैव महाविद्यालय प्रांगण में अपने साथ रखना अनिवार्य है इसके अभाव में महाविद्यालय प्रांगण में प्रवेश वर्जितहै ।
2. परिचय पत्र खो जाने की स्थिति में विद्यार्थी लेखा विभाग में रु० 100/– शुल्क का भुगतान कर परिचय–पत्र कार्यालय से द्वितीय प्रति प्राप्त कर सकता है।

## (7) उपस्थिति

गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपस्थिति सम्बन्धी नियम जिन्हें कालेज अक्षरशः कार्यान्वित करता है विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सूचनार्थ निम्नलिखित है :–

1. किसी विद्यार्थी को नियमित छात्र के रूप में विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति तब तक न दी जायेगी जब तक वह कम से कम 75 प्रतिशत दिये हुए व्याख्यानों, ट्यूटोरियल अथवा सेमिनार कक्षाओं एवं प्रत्येक विषय में किये गये प्रयोगात्मक कार्य में परीक्षा सम्बन्धी, पाठ्यक्रम के बीच उपस्थित न रहा हो। सामान्य अंग्रेजी तथा अंग्रेजी साहित्य एवं सामान्य हिन्दी तथा हिन्दी साहित्य विषयों में उपस्थिति की गणना पृथक–पृथक की जायेगी।
2. अभिभावकों से आशा की जाती है कि वे अपने प्रतिपाल्यों की कालेज में उपस्थिति का ध्यान रखेंगे ।
3. अध्यापक अपनी कक्षा – पंजिकाओं में उपस्थिति का ब्यौरा रखते हैं। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने अध्यापकों से समय–समय पर अपनी उपस्थिति की स्थिति जानने के लिये सम्पर्क करते रहेंगे ।

**नोटः** यदि कोई विद्यार्थी कालेज– पंजिका से अपना नाम कटवाना चाहता/चाहती है तो उसे एतदर्थ लिखित आवेदन पत्र देना चाहिये। नाम कटवाने के लिये नियमानुसार कालेज शुल्क देय होगा।

## (8) विषय परिवर्तन

विद्यार्थियों को चाहिये कि वे अपना विषय सावधानी पूर्वक चुनें। नियमतः एक बार चुने अथवा दिये गये विषय संयोगों में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाती है।

## (9) छात्रवृत्तियाँ

1. दो राजकीय छात्रवृत्तियाँ मेरिट के आधार पर उपलब्ध हैं। जिनमें से एक बी०ए० प्रथम भाग तथा दूसरी बी०एस–सी० प्रथम भाग के छात्र/छात्रा को दी जाती है।
2. राज्य सरकार द्वारा कुछ छात्रवृत्तियाँ मोमिन अन्सार, पिछड़ी, अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाती है।
3. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति : मेरिट के आधार पर (75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने की स्थिति में)
4. राष्ट्रीय ऋण छात्रवृत्ति : मेरिट तथा पिता/अभिभावक की आय के आधार पर।
5. बर्सरी छात्रवृत्ति (विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त) : मेरिट एवं आय के आधार पर।
6. खेल, विकलांग, रक्षासेवा के आश्रित सम्बन्धी छात्रवृत्तियाँ ।
7. प्राकृतिक आपदा के आधार पर सहायता।
8. निर्धन छात्र सहायता : महाविद्यालय कोष से भी कुछ आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।
9. उपर्युक्त छात्रवृत्तियों एवं सहायता के आवेदन–पत्र हेतु कालेज काउन्टर संख्या 10 से सम्पर्क करें।

## (10) कालेज शुल्क
### वित्तीय सहायता प्राप्त पाठ्यक्रम (प्रवेश के समय देय)
### बी.ए./बी. एस–सी, एम.ए./एम. एस–सी/विधि

| वार्षिक शुल्क | | प्रतिभाव्य धन (**Caution money**) | |
|---|---|---|---|
| प्रवेश | 10.00 | **बी० ए०** | |
| बिजली | 300.00 | पुस्तकालय | 300.00 |
| क्रीड़ा | 100.00 | प्रयोगशाला | 300.00 |
| पत्रिका | 150.00 | **बी० एस–सी०** | |
| विकास | 200.00 | पुस्तकालय | 300.00 |
| विवरणिका | 50.00 | प्रयोगशाला | 300.00 |
| परिचय–पत्र और डायरी | 150.00 | **एम०एस–सी** | |
| श्रवण दर्शन | 50.00 | पुस्तकालय | 350.00 |
| छात्र सहायता कोष | 15.00 | प्रयोगशाला | 200.00 |
| आन्तरिक मूल्यांकन | 50.00 | **एम०ए० एवं विधि** | |
| साइकिल स्टैण्ड | 120.00 | पुस्तकालय | 350.00 |
| सांस्कृतिक उत्सव | 100.00 | | |
| प्राथमिक चिकित्सा | 10.00 | | |
| रोवर / रेंजर्स | 24.00 | | |
| योग | 1329.00 | | |

| राष्ट्र गौरव / पर्यावरण/मानवाधिकार शुल्क | |
|---|---|
| बी.ए./बी.एस–सी. प्रथम वर्ष | 180.00 |
| **विश्वविद्यालय शुल्क *UNIVERSITY FEE*** | |
| पंजीकरण शुल्क | 500.00 |
| बी.ए. एवं बी.एस–सी. | 1600.00 |
| एम.ए./एम.एस–सी. | 2600.00 |
| विधि | 2000.00 |
| *नामांकन शुल्क | 150.00 |
| क्रीड़ा शुल्क | 50.00 |
| राष्ट्रगौरव प्रथम वर्ष | 30.00 |
| उपाधि (अंतिम वर्ष) | 500.00 |
| अंक पत्र | 200.00 |
| रोवर्स रेंजर्स | 50.00 |

**नोट** : प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा प्रवेश के समय देय प्रतिभाव्य धन, जो ऊपर अंकित है, कालेज की किसी नष्ट सम्पत्ति की क्षति पूर्ति के बाद विद्यार्थी को कालेज छोड़ने की तिथि (परीक्षा में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण) से दो वित्तीय वर्ष के अन्दर नो डयूज कराने के बाद आवेदन करने पर मनीआर्डर द्वारा वापस कर दिया जाता है।

मासिक शुल्क (12 माह के लिये) प्रवेश के समय देय–

## UNDER-GRADUATE

| कक्षा / शुल्क | बी०ए० | बी०एससी० ( गणित ) | बी०एससी० (जीव वि.) |
|---|---|---|---|
| शिक्षण | 11.00 | 11.00 | 11.00 |
| प्रयोगशाला | 20.00 (मनो) विज्ञान, भूगोल) | 40.00 | 60.00 |
| महंगाई | 3.50 | 3.50 | 3.50 |
| पुस्तकालय | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| अध्ययन कक्ष | 10.0 | 10.00 | 10.00 |
| कैन्टीन रख–रखाव | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| योग | 44.50 | 84.50 | 104.50 |
| (प्रायोगिक विषय) सहित | 64.50 | | |

यू.जी.सी. से मान्यता प्राप्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम ( 1500/– प्रति कोर्स/पाठ्यक्रम )

1. डाटाबेस प्रबन्धन
2. औद्योगिक रसायन
3. बायोटेक्नोलॉजी
4. फैशन डिजाइनिंग
5. मशरूम कल्टीवेशन ऐण्ड मार्केटिंग
6. ई–कामर्स ऐण्ड मार्केटिंग
7. रेडीमेड गार्मेंट
8. फाइनेंश्यल अकाउंटिंग एवं टैली
9. ग्रीन हाउस मैनेजमेंट
10. साइबर लॉ सिक्योरटी
11. Mathematical Science

## POST-GRADUATE AND LAW

| कक्षा / शुल्क | एम.ए./ एम.एस–सी (गणित) | एम.एस–सी (गणित के अतिरिक्त) | विधि प्रथम एवं द्वितीय | विधि तृतीय वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| शिक्षण | 15.00 | 15.00 | 15.00 | 15.00 |
| प्रयोगशाला | | 60.00 | 20.00 | 100.00 4 प्रेक्टिकल 1 ट्यूटोरियल |
| महंगाई | 3.50 | 3.50 | 3.50 | 3.50 |
| पुस्तकालय | 15.00 | 15.00 | 15.00 | 15.00 |
| अध्ययन कक्ष | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| कैन्टीन रख–रखाव | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| बार काउन्सिल | | | 62.50 | 62.50 |
| योग | 53.00 | 113.50 | 136.50 | 216.00 |

छात्राओं से शिक्षण शुल्क नहीं लिया जायेगा ।

समस्त स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क प्रवेश के समय देय होगा।

**नोट :** 1. बी०ए०, बी०एस–सी० तृतीय वर्ष का प्रयोगशाला शुल्क विषयानुसार देय है।

2. किसी भी पाठ्यक्रम की शिक्षा के लिये लिया गया शुल्क वापस नहीं होगा ।

विश्वविद्यालय नामांकन : गोरखपुर विश्वविद्यालय शिक्षा व्यवस्था में प्रथम बार प्रवेश के समय विश्वविद्यालय में नामांकन अनिवार्य है जिसके निमित्त निर्धारित नामांकन शुल्क महाविद्यालय में जमा करना होगा।




## (11) शुल्क मुक्ति सुविधा

निर्धनता एवं योग्यता के आधार पर शुल्क मुक्ति सुविधा प्रदान की जाती है जिनकी निरन्तरता के निमित्त निरन्तर सन्तोषप्रद कार्य अपेक्षित है। आवेदन–पत्र जमा करने की तिथि सूचना पट्ट पर देखें।

## (12) प्रमाण पत्रों के लिये आवेदन पत्र

किसी भी प्रयोजन के निमित्त कालेज से प्रमाण–पत्र चाहने वाले विद्यार्थियों को चाहिये कि जिस तिथि को उन्हें प्रमाण पत्रों की आवश्यकता हो उस तिथि से कम से कम दो दिन पूर्व छपे हुए फार्म पर आवेदन करें। स्थानान्तरण प्रमाण पत्र के लिये रु० 150.00 शुल्क के रूप में देय है। यदि स्थानान्तरण प्रमाण पत्र डाक से मंगाया जाता है तो इसके लिये अतिरिक्त रु० 25.00 का भुगतान करना होगा। प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने के पहले कालेज का सभी शुल्क, पुस्तक आदि जमा करना आवश्यक है जिसके प्रमाण में अदेयता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

द्वितीय प्रतिलिपि हेतु –

(क) चरित्र प्रमाण–पत्र या बोनाफाइड प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के लिये रु० 100.00 शुल्क लेखा विभाग में जमा करना अनिवार्य है।

(ख) स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिये नोटरी शपथ पत्र देना अनिवार्य है साथ ही लेखा विभाग में रु० 500.00 द्वितीय प्रतिलिपि का शुल्क जमा करना होगा ।

(ग) अंकपत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिये लेखा विभाग में रु० 500.00 जमा करना होगा।

## (13) पुस्तकालय

कॉलेज के पुस्तकालय में एक वाचनालय है, जिसमें लगभग 150 विद्यार्थियों के लिए बैठकर पढ़ने की उचित व्यवस्था है साथ ही मुफ्त वाई–फाई की सुविधा उपलब्ध है। पुस्तकालय में लगभग 142000 पुस्तकों का बुक बैंक है तथा पुस्तकालय प्रातः काल 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक खुला रहता है। केंद्रीय पुस्तकालय के अतिरिक्त कालेज के कुछ विज्ञान एवं कला संकाय तथा वाणिज्य संकाय के पास विभागीय पुस्तकालय भी है। अधययन कक्ष में विद्यार्थियों के उपयोग के लिए पर्याप्त संख्या में हिंदी एवं अंग्रेजी में मासिक एवं साप्ताहिक पत्र पत्रिकाएं तथा विभिन्न दैनिक समाचार पत्र आते हैं।

## (14) कॉलेज की समितियाँ

कॉलेज की विविध समितियाँ प्रत्येक विषय के अध्ययन का महत्त्वपूर्ण अंग हैं। छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे इन्हें सक्रिय बनाने हेतु प्राचार्य एवं अध्यापकों से निरन्तर सम्पर्क करते रहें।




## (15) खेल–कूद, नेशनल कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा स्काउटिंग आदि

स्नातक स्तर के सभी छात्रध्छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे क्रीड़ा, एन०सी०सी०, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा स्काउटिंग में से एक में अपने को अवश्य पंजीकृत करायें।

### (1) खेल–कूद

(क) खेल–कूद के मैदान को अध्ययन के समान महत्त्वपूर्ण मानने के कारण प्रायः सभी खेलों एवं व्यायामों की सुविधायें प्रदान की जाती है।

(ख) शारीरिक शिक्षा की कक्षायें प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को होती है अन्य जानकारी हेतु खेल–कूद विभाग से सम्पर्क करें। कालेज के किसी छात्र को किसी बाहरी टीम में खेलने का अधिकार तब तक नहीं प्राप्त होगा जब तक वह कालेज में क्रीड़ा अधिशासी से लिखित अनुमति न प्राप्त कर लें ।

### (2) एन०सी०सी०

एन०सी०सी० की प्रशिक्षण सुविधा छात्रों एवं छात्राओं के लिये उपलब्ध है। एन०सी०सी० का प्रशिक्षण प्राप्त किये हुए व्यक्तियों को सैनिक एवं अन्य राजकीय सेवा आयोगों के चुनाव में वरीयता प्राप्त होती है।

### (3) राष्ट्रीय सेवा योजना

कॉलेज अपने छात्रों में अनुशासन की भावना, समाज सेवा के प्रति उत्साह, शारीरिक, परिश्रम में गौरव की भावना तथा राष्ट्रीय कार्यों में अनुराग उत्पन्न करने की दृष्टि से छात्रों के राष्ट्र–सेवा– सम्बन्धी कार्यक्रमों में भाग लेने की आवश्यकता पर बल देता है। प्रमाण–पत्र प्राप्त छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश या अन्य चयन में वरीयता मिलती है।

### (4) स्काउटिंग

रोवर एवं रेंजर की सुविधायें छात्र एवं छात्राओं के लिये उपलब्ध है। इसमें प्रशिक्षित सदस्यों को उच्च कक्षाओं में प्रवेश एवं राजकीय सेवाओं में वरीयता प्राप्त होती है ।

### (5) प्लेसमेन्ट प्रकोष्ठ

महाविद्यालय ने छात्रों के व्यापक हित में एवं उनके व्यवहारिक जीवन में सहायता प्रदान करने हेतु कई प्रतिष्ठित व्यापारिक संस्थानों से सम्बन्ध स्थापित किया है तथा इस सेवा को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए महाविद्यालय में प्लेसमेन्ट प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है।

### (6) सेवा योजना सलाह केन्द्र

महाविद्यालय में सेवायोजना सलाह केन्द्र उपलब्ध है। छात्रध्छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे इसका समुचित उपयोग करेंगे।

(7) महाविद्यालय में प्राचार्य की अध्यक्षता में इन्टरनल क्वालिटी असेसमेंट सेल (IQAC) की स्थापना की गई। नैक सम्बन्धित कार्य हेतु महाविद्यालय स्तर पर ये समिति समस्त कार्यों का संचालन सफलतापूर्वक करती है।

### (16) नैतिक तथा मूल्यपरक शिक्षा

कॉलेज में प्रतिदिन प्रार्थना सभा, प्रत्येक शनिवार को विशेष प्रार्थना सभा तथा अन्य माध्यमों से नैतिक एवं मूल्यपरक शिक्षा को प्रोत्साहन दिया जाता है। केवल मसीही छात्र/छात्राओं के लिये प्रत्येक दिन प्रातः 9.45 बजे चैपल में विशेष प्रार्थना का प्रबन्ध है।

### (17) कॉलेज पत्रिका

छात्रों को रचनात्मक लेखन का अभ्यास कराने के लिय कॉलेज एक पत्रिका प्रकाशित करता है। छात्रों से आशा की जाती है कि वे सम्पादक मण्डल के निर्देशन में अपनी रचनात्मक प्रतिभा का विकास करेंगे।

### (18) साइकिलें

बायसिकल द्वारा कालेज आने वाले छात्र/छात्राओं की सुविधा के लिये कॉलेज में उचित शुल्क भुगतान करने पर सायकिलें रखने के स्थान की व्यवस्था है। कॉलेज के भीतर आने वाली सभी सायकिलें, सायकिल रखने के स्थान पर नियुक्त व्यक्ति के सुपुर्द की जानी चाहिये। कॉलेज प्रांगण में बायसिकल/स्कूटर लाना सख्त मना है।

कालेज में केवल सायकिल स्टैण्ड की व्यवस्था है छात्र/छात्राओं को चाहिए कि वे केवल सायकिल से ही कालेज आयें।

किसी सायकिल के खो जाने की अवस्था में कॉलेज कोई उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं करता है। छात्रों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि अपनी सायकिलों में मजबूत ताले लगा कर रखें। यह ध्यान रहे कि सायकिलें निश्चित स्थान पर ही रखी जायें। इधर–उधर सायकिल रखने वालों को दण्डित किया जा सकता है।

### (19) रेलवे कन्सेशन

रेलवे कन्सेशन सुविधा प्राप्त करने की आवश्यक शर्ते –

(अ) विद्यालय से गृह नगर या गृह नगर से विद्यालय की यात्रा हो। गृह नगर से अभिप्राय है –

(1) छात्र/छात्राओं के माता–पिता, अभिभावक का स्थाई स्थान । (2) महाविद्यालय द्वारा शिक्षा सम्बन्धी यात्रा।

(ब) उपर्युक्त रेलवे कन्सेशन प्राप्त करने के लिये शुल्क रूपया 20/– लेखा विभाग में जमा करना होगा।

(स) कॉलेज एक सप्ताह या उससे अधिक समय के लिये बन्द होने की स्थिति में

### (20) प्रार्थना सभा

महाविद्यालय का प्रारम्भ प्रतिदिन प्रार्थना सभा से होता है। जिसे जीवन के स्तरोन्नयन एवं आध्यात्मिक विकास हेतु विद्यालय आवश्यक मानता है। प्रार्थना सभा में प्रतिदिन कालेज परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति की अपेक्षा की जाती है।

### (21) एल्युमिनाई एसोसिएशन
### (Alumni/ae Association)

भूतपूर्व छात्र/छात्राओं को कालेज से जोड़े रखने के उद्देश्य से एल्युमिनाई एसोसिएशन का गठन किया गया है, जो सक्रिय रूप से विभिन्न कार्यक्रम कालेज के हित में चला रही है।

### (22) अनुशासन

कॉलेज का अनुशासन प्रत्येक छात्र पर लागू होगा। कालेज प्रत्येक छात्र से यह आशा करता है कि वह कक्षाओं के भीतर और बाहर उच्चस्तरीय अनुशासन प्रदर्शित करेगा। प्रत्येक स्थान तथा समय पर किसी प्रकार के अनुचित एवं अवांछित व्यवहार के लिये जिससे नियन्ता एवं प्राचार्य की राय में कालेज के सम्मान को धक्का लगता हो उचित दण्ड दिया जा सकता है। जो विद्यार्थी अपने साथ इस महाविद्यालय के प्रांगण में बाहरी अथवा असामाजिक तत्त्वों को लाता है उसे तुरन्त महाविद्यालय से निष्कासित कर दिया जायेगा।

### (23) छात्र संघ /छात्र परिषद्

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद, याचिका संख्या 36732 में पारित आदेश दिनांक 30.12.2004 के अधीन इस महाविद्यालय में छात्रसंघ का अस्तित्व नहीं है। महाविद्यालय में छात्र संघ के स्थान पर छात्र परिषद् की व्यवस्था है।

### (24) महिला छात्रवास

महाविद्यालय में अध्ययनरत महिला विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है छात्रावास में प्रवेश हेतु निर्णय महाविद्यालय में प्रवेश के उपरान्त निर्धारित आवेदन पत्र पूरित करने पर समिति द्वारा साक्षात्कार के आधार पर लिया जाएगा। महिला छात्रावास में प्रवेश हेतु विवरणिका अलग से कालेज काउन्टर पर उपलब्ध है।

प्रवेश परीक्षाफल प्रवेश परीक्षा के लगभग तीन सप्ताह बाद कालेज सूचना–पट्ट/स्थानीय समाचार पत्र/**College website www.standrewscollege.edu.in** पर देखें। प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांक हेतु अलग से आवेदन करना होगा।

इन समस्त नियमों एवं विधि में किसी भी प्रकार के परिवर्तन तथा नये नियम एवं कानून लागू करने के समस्त अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित हैं, जिसे कानूनी रूप में किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है।



April 23, 2025

**Prof. C.O. Samuel**
**Principal**

# TEACHING STAFF - 2025-2026

**PRINCIPAL: Officiating**
Prof. C.O. Samuel, M.Sc., Ph.D.
**VICE-PRINCIPAL:**

**Botany Department:**
Prof. C.O. Samuel, M.Sc., Ph.D.
Prof. Neeraj Kr. Srivastava, M.Sc., Ph.D.
Prof (Mrs.) Kanchan S. Das, M.Sc., Ph.D.
Prof. S. D. Rajkumar, M.Sc., Ph.D.
Prof. Capt. (Mrs.) Nidhi Lal, M.Sc., Ph.D.
Vacant
Vacant
*Vacant*
Vacant
Vacant
**Chemistry Department:**
Prof. Silas Dayal Sharma, M.Sc., Ph.D., M. Th. (Univ. of Wales U.K.)
Prof. Subhash, P.D., M.Sc., Ph.D.
Prof. Md. Rashid Tanveer, M.Sc., Ph.D., D.C.A.
Prof. Chauthi Pd. Gupta, M.Sc., Ph.D.
Dr. Lt. Amit Masih, M.Sc., Ph.D.
Dr. J.K. Pandey, M.Sc., Ph.D.
Dr. Rohit Srivastava, M.Sc., Ph.D.
Vacant
Vacant
Vacant
Vacant
Vacant
Vacant
Vacant
**Mathematics Department**:
Prof. K. B. Gupta M.Sc.
Prof. N.K. Srivastava, M.Sc. Ph.D.
Prof. A.K. Jaiswal, M.Sc., Ph.D.
Prof. (Mrs.) E.C. Das, M.Sc., Ph.D.
Prof. PN. Singh, M.Sc., Ph.D.
Dr. Arvind Kumar Singh, M.Sc., Ph.D.
Vacant
Vacant
**Physics Department:**
Prof. Hari Om Gupta, M.Sc.,Ph.D., N.E.T.
Prof. Vijay Prakash Srivastava, M.Sc., Ph.D.
Prof. Samshad Ahmad Khan, M.Sc., Ph.D.
Dr. (Mrs.) Archana Srivastava, M.Sc.,Ph.D., N.E.T.
Vacant
Vacant
Vacant
Vacant
Vacant
**Zoology Department:**
Prof. (Mrs.) Raina Nivedita Samuel, M.Sc., Ph.D., P.G.D.C.A.
Prof. M. Arto Claver, M.Sc., Ph.D.
Prof. Deepak Singh, M.Sc., Ph.D.
Prof. C. Vijay Kumar, M.Sc., M. Phil., Ph.D.,M.Ed., PGDCA
Dr. Isaac L. Mathew, M.Sc., Ph.D., N.E.T.
Vacant
Vacant
Vacant
**Hindi Department:**
Prof. Anant Kirti Tiwari, M.A. Ph.D., D.Lit.
Prof. S. K. Rai, M.A., Ph.D.
Vacant
Vacant
Vacant

**Political Science Dept.:**
Prof. Binayak Dhirendra Pratap Singh, M.A., Ph.D.
Prof. Gaurav Srivastava, M.A., Ph.D.
Vacant
Vacant
Vacant
**Economics Department:**
Prof. Rahul Srivastava, M.A., Ph.D.
Vacant
**Education Department:**
Prof. Manoj Kumar, M.Com., M.Ed., Ph.D.
Prof. (Mrs.) Shushma John, M.A.,M.Ed. Ph.D.
**English Department:**
Prof. (Mrs.) Sheeba H. Sharma, M.A., Ph.D.
Prof. (Mrs.) Seema Shekhar, M.A., Ph.D.
Prof. Anugrah Tiwari, M.A., Ph.D.
Vacant
**Geography Department:**
Vacant
Vacant
Vacant
**History Department:**
Prof. Rabindra Kumar M.A., Ph.D.
Vacant
**Philosophy Department:**
Vacant
**Psychology Department:**
Vacant.
Vacant
**Sanskrit Department:**
Vacant
**Sociology Department:**
Vacant
Vacant
**Urdu Department:**
Vacant
**Law Department:**
Prof. S.C. Baranwal, LL.M., N.E.T.
Prof. Mohd. Tanveer Alam, LL.M., Ph.D.
Prof. Atul Kumar Singh, LL.M., Ph.D.
Vacant
Vacant
Vacant
Vacant
**Self-Finance Departments: In-Charges**
**B.Ed.**: Prof. (Mrs.) Sushma John, M.A., M.Ed. Ph.D.
**M.A. Geography**: Dr. (Mrs) Sunita Potter, M.A. Ph.D.
**M.A. Sociology**: Prof. Rahul Srivastava M.A. Ph.D.
**B.Com.** Dr. K.D. Pandey, M.Com. Ph.D.
**Industrial Chemistry:**
Prof. Md. Rashid Tanveer, M.Sc. Ph.D.
**Computer Science Department:**
Dr.(Mrs.) M. John, M.B.A., M.C.A., M.Phil, Ph.D.
**Personality Development:**
Prof. Xavier M. Raj, M.P.Ed., M. Phil., Ph.D.
**Physical Education Department:**
Prof. Xavier M. Raj, M.P.Ed., M. Phil., Ph.D.
Vacant
**Library**
Librarian-
Vacant

# COLLEGE ANNUAL AWARDS

Prof C C Chatterji Memorial Medal
B.A. III (English) Topper
Munder Devi Memorial Medal
B.A. & B.Sc. I Topper
Dr HR Mall (Ex-Principal) Memorial Medal
Best NSS, NCC (Boy & Girl), Rover & Ranger
Dr R Gulati Memorial Medal
Sports Champion (Male)
Dr Har Narayan Srivastava Memorial Medal
Sports Champion (Female)
Principal's Award
Gold Medalist in University Exams
Shameeda Khatoon Memorial Award
M.Sc. I (Physics) Topper
Adya Devi Memorial Medal
LLB. 1-Topper
Dr. (Mrs.) Norma Robert Memorial Medal
B.A. III (Sanskrit Topper)

Our Sincere Gratitude for GENEROUS DONATIONS towards Lecture Theatre Construction to:
1. Dr. (Ms.) Shalini Kumar in Loving Memory of her Parents, Mr. & Mrs. D.T. Singh
2. Mr. Liyaquat Ali in Loving Memory of his Mother, Mrs. Sharifunnisa Ali
3. Mrs. Arun Lata Singh in Loving Memory of her Parents, Rev. & Mrs. K.D. Lal
4.........................
More Names Awaited

**ALUMNI/AE ASSOCIATION AWARDS**

Sheo Nidhi Lal Srivastav Memorial Medal
B.Sc. III Topper
Serajul Haque Memorial Medal
LL.B. III Topper
Rai Rajeshwari Prasad Memorial Medal
B.A. III Topper
Har Prasad Janki Devi Memorial Medal
All M.Sc. II Topper
Alumni/ae Association St. Andrew's College Medal
All M.A II Topper
SN Chaudhary Memorial Medal
B.A. II Topper
Kanti Devi Memorial Medal
B.Sc. II Topper
Alhaj Abdur Rahim Memorial Medal
M.Sc. II (Maths) Topper
Sajid Ali Memorial Medal
B.A. III (Urdu) Topper
Prof Shivanand Sharma Memorial Medal
B.A. III (Philosophy) Topper (20)

Rai Kanan Prasad Memorial Medal
Topper Girl of the College (All Final Years)
Vishal Pathak Memorial Medal
M.Sc. II (Chemistry) Topper
Sushma Sarkar Memorial Medal
B.A. I (Philosophy) Topper
Dr APN Asthana Memorial Medal
M.Sc. II (Physics) Topper
Guru Prasad Sarkar Memorial Medal
LL.B. II Topper
WF Obadiah Memorial Medal
M.Sc. II (Zoology) Topper
Justice H.C.P. Tripathi Memorial Award
Best Performer
Prof. Ashvani Kumar Srivastava Medal
Highest Marks in M.Sc. (Final)
Botany Shri Samarjeet Singh Memorial Medal
Highest Marks in L.L.B. Vth Semester
Prof. Mahipal Singh Memorial Medal
Highest Marks in B.Sc. Biology
Shri Ramesh Chandra Smt Kishori Devi Memorial Medal
Highest Mark in MA. IInd Year English

## –कालेज गीत–

ऐ शम–ए–इल्म 'एण्ड्रयूज' तु और जगमगाये।
इस सरजमीं पे तूने लाखों दिये जलाये।।
नाजाँ हो क्यों न इस पे नाज़े वतन हमारा।
'एण्ड्रयूज' प्यारा कॉलेज प्यारा चमन हमारा।।
हम जेब हैं वतन की कलियाँ हैं इस चमन की।
फूले चमन हमारा महके वतन हमारा।।
भरते हैं अपना दामन हम सच्चे मोतियों से।
इल्म–ओ–हुनर की दौलत पाना है फन हमारा।।
पोशाक से अदब की क्यों न इसे सजाए ।
कालेज की जान हैं हम कॉलेज है तन हमारा।।
पैगाम–ए–जिन्दगी से मखमूर हों फिजायें।
बूए– कमाल बनकर फैले सुखन हमारा।।



**St, Andrew's College**
**Gorakhpur-273 001 (India)**

**Establisbed : 1899 A.D.**
**Contact : 8795815610**
www.standrewscollege.edu.in